Rajya Sabha to associate with the Committee on Public Undertakings of the Lok Sabha for the term beginning on the 1st May, 1969 and ending on the 30th April,, 1970 and do proceed to elect, in such manner as the Chairman may direct, five members from among the members of the House to serve on the said Committee."

The question was put and the motion was adopted.

MOTION FOR ELECTION TO COMMITTEE ON PUBLIC ACCOUNTS

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI K. RAGHURAMAIAH): Madam, I beg to move the following Motion:

"That this House concurs in the recommendation of the Lok Sabha that the Rajya Sabha do agree to nominate seven members from the Rajya Sabha to associate with the Committee on Public Accounts of the Lok Sabha for the term beginning on the 1st May, 1969 and ending on the 30th April, 1970 and do proceed to elect, in such manner as the Chairman may direct, seven members from among the members of the House to serve on the said Committee."

The question was put and the motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: The programme of election to the Committee on Public Accounts and Committee on Public Undertakings will be published in Parliamentary Bulletin.

We go to the Legislative Business.

THE APPROPRIATION (NO. 3) BILL, 1969

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI P. C. SETHI): Madam, I beg to move:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain 14—6 RSS/ND/69 sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 1969-70, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

Madam, this Bill provides for the withdrawal from the Consolidated Fund of India of the amounts required to meet the expenditure charged on the Fund and the grants voted by the Lok Sabha. The figures have been given in detail in the budget papers which have been submitted. Excluding the payment of States' share of Union excise duties and repayment of public debt which are no-tionally shown as expenditure charged on the Consolidated Fund, the net disbursements to be made from the Consolidated Fund amount to Rs. 4,847 crores. Of this, Rs. 1,605 crores represent the provision for Plan expenditure, Rs. 615 crores for Central assistance to the States for their Plan schemes, Rs. 117 crores for the Centrally sponsored schemes, Rs. 65 crores for Union Territory Plan schemes, and Rs. 808 crores for the Central Plan proper.

In addition, Rs. 133 crores will be spent by the Railways for their Plan outlay, and Rs. 165 crores extra would be spent by the public sector undertakings including the Railways and the Posts and Telegraphs. Besides this, the non-Plan provision amounts to Rs. 3,242 crores of which Rs. 1,110 crores are for Defence and the balance of Rs. 2,132 crores are for Civil Expenditure.

Madam, I need not go at this stage into the various details of these expenditures. After the debate is over, I will try to reply to the various points raised by the hon. Members.

The question was proposed.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Antani. Your name is here on the Appropriation Bill.

DR. B. N. ANTANI (Gujarat): I have to speak tomorrow.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Thengari is not here. Mr. Yadav. Mr. Man Singh Varma. Nobody is ready. Mr. Lakshmana Gowda. Nobody is prepared to speak.

(Interruptions)

SHRI SUNDAR SINGH BHAN-DARI: Dr. Antani is speaking.

THE DEPUTY CHAIRMAN : Dr. Antani, are you speaking?

SHRI SITARAM JAIPURIA (Ut-tar Pradesh): Madam, Prof. Ruth-naswamy will be here at*any time.

DR. B. N. ANTANI: I will get up and say something.

(After a pause)

THE DEPUTY CHAIRMAN: Dr. Antani, you do not want to speak?

SHRI SUNDAR SINGH BHAN-DARI: He is speaking.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let me know whether he is speaking.

(After a pause)

Mr. Kulkarni. He is also not willing to speak. I think nobody is willing to .speak.

Mr. Yajec. Mr. Adinarayana Reddy, Mrs. Mehta, Mr. Syed Hus-sain, Mr. Kemparaj, Mr. Purnanand Chetia. No one in the list is ready.

(Interruptions)

SHRI SHEEL BHADRA YAJEE (Bihar): I am to speak.

THE DEPUTY CHAIRMAN: When I called out the names, nobody was ready.

SHRI SHEEL BHADRA YAJEE: No, no. How can I understand? You called all names together and I could not follow.

THE DEPUTY CHAIRMAN; I looked at you,

SHRI SHEEL BHADRA YAJEE: I will speak.

THE DEPUTY CHAIRMAN: All right, speak. But when names are called out, nobody is prepared . . .

(Interruptions)

श्री शीलभद्र याजी : मैडम डिप्टी चेयरमैन, मैं बोल रहा हूं।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार) : पहले तो इधर से।

श्री शीलभद्र याजी : चिड़िया चुग गई खेत, अब पछताये का होत है।

मैडम डिप्टी चेयरमैन महोदया, मैं इस एप्रोप्रिएशन बिल का समर्थन करता हूं और समर्थन करते हुए मैं तमाम सदस्यों को यह कहना चाहता हूं कि जब जब बजट में कर की वृद्धि का प्रोपोजल आता है मैं उसका तहेदिल से समर्थन करता हूं और इसलिए समर्थन करता हूं क्योंकि मेरी यह राय है कि जब तक हिन्दुस्तान के जो, जितने, रिसोर्सेज़ हैं उन सब का संग्रह न करें तब तक हमारी जो प्लानिंग है, योजना है वह कभी भी सफलीभूत नहीं हो सकती। बदकिस्मती है कि हमारी वैसी आर्थिक स्थिति नहीं सुधरी है और इसलिए हमें विदेशों से कर्जा लेना पड़ता है—विदेशों से कर्जा लेना कोई शर्म की बात नहीं है, सब सरकारें लेती है और उससे काम चलाती हैं लेकिन हमारा बराबर यह निजी विचार रहा है कि देश में जो टैक्स देने वाले हैं उनसे टैक्स लिया जाय और अमीरों से ज्यादा लिया जाय तथा गरीबों से कम लिया जाय। यह हमारा विचार बराबर रहा है। लेकिन मेरी शिकायत है कि अभी जो हमारी सरकार है वह समाजवाद की स्थापना करने के लिये बात करती है किन्तु इसकी जो आर्थिक नीति है वह मिक्सड एकानामी की है, गंगा-जमुना की

नीति है श्रौर यह जो गंगा-जमुना की नीति है वह मुल्क के लिये अच्छी चीज़ नहीं है। कितने दिन तक यह चलेगी यह तो पता नहीं। श्रौर इसीलिये हमारी सरकार कभी कभी श्रमीरों पर रहम करती है। उनसे तो इतना टैक्स लेना चाहिये कि हमें बाहर के जो देश हैं उनसे कर्जा लेने की जरूरत न पड़े। इसके साथ ही साथ जो मध्य-वित्तीय दर्जे के लोग हैं, जिनकी माली हालत श्रच्छी है, उनसे भी जरूर टैक्स लिया जाय श्रौर गरीबों से कम लिया जाय। लेकिन ऐसी स्थिति नहीं है। जो हमारी समाजवाद की नीति है वह तो श्रपनी जगह पर सही है, प्लानिंग भी, योजना भी, हम करते हैं लेकिन जो हमारी श्रार्थिक नीति है वह गलत है श्रौर जो मिक्सड इकानामी की नीति है उसको ही हम ढोहे चले जा रहे हैं। हमारे फाइनेंस मिनिस्टर साहब बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि चूंकि हम डेमोक्रेटिक सोशलिज्म को मानते हैं इसलिए मिक्सड इकानामी रखे हुए हैं। दुनिया में जो भी डेमोक्रेटिक सोशलिज्म की परिभाषा है उसे हमने पढ़ा है लेकिन जो फाइनेंस मिनिस्टर साहब दलील देते हैं वह समझ में नहीं आती है। डमोक्रेटिक सोशलिज्म क्या होता है? यह कि डेमोक्रेटिक मेथड से उसकी स्थापना करेंगे श्रौर इसलिए ही उसको डेमोक्रेटिक सोशलिज्म कहते हैं लेकिन डेमोक्रेटिक सोशलिज्म में टाटा भी रहेंगे, बिड़ला भी रहेंगे, किसान भी रहेंगे, मजदूर भी रहेंगे, प्राइवेट सेक्टर के जो बड़े बड़े पूंजीपति हैं वह भी रहेंगे, तो यह तो कभी चलता नहीं है। लेकिन चल रहा है। सरकार को इस नीति का परित्याग करना पड़ेगा श्रौर जब तक वह इस नीति का परित्याग नहीं करती है तब तक सोशलिज्म की स्थापना नहीं होगी श्रौर तब तक हमारी जो माली हालत है वह कभी सुधरने वाली नहीं है।

इसलिये हम श्रपनी सरकार से बराबर कहते हैं कि जो बड़े बड़े कल-कारखाने हैं, जो बिग इंडस्ट्रीज़ हैं, की श्रौर बेसिक इंडस्ट्रीज़ हैं, बैंक्स हैं, सब का जल्दी से जल्दी समाजीकरण करना चाहिये श्रौर उनको मुश्राविजा, कम्पेनसेशन, नहीं देना चाहिये। लेकिन जब तक यह जो मौजूदा कांस्टीट्युशन है, संविधान है, उसमें जब तक कि मौलिक परिवर्तन नहीं करेंगे तब तक तो हमें कम्पेनसेशन देना ही पड़ेगा, इसलिए हमारी सरकार से यह दरख्वास्त है कि यदि वह सचमुच में समाजवाद की स्थापना करना चाहती है तो जल्दी से जल्दी जो हमारा संविधान है, कांस्टीट्युशन है, उसमें रैडिकल श्रमेंडमेंट होना चाहिये, मौलिक तरमीम होनी चाहिये श्रौर मौलिक तरमीम कर के जो मुश्राविजा की, कम्पेनसेशन देने की बात है उसको हटाना चाहिये।

श्री सीताराम जैपुरिया : यह एप्रोप्रिएशन बिल है।

श्री शीलभद्र याजी : हां, यही तो है, इसमें श्रार्थिक नीति है। मैं उनके मन के मुताबिक ही यह बात नहीं बोल रहा हूं। मुझे बोलने दीजिये।

तो जब तक हम उसमें मौलिक परिवर्तन नहीं करेंगे तब तक हमारी श्रार्थिक हालत नहीं सुधर सकती है श्रौर इसीलिये हमारी सरकार से बराबर मांग होती है कि इसमें जब तक मौलिक परिवर्तन नहीं होगा तब तक समाजवाद की स्थापना नहीं हो सकती है। चूंकि इसमें कम्पेनसेशन का क्लाज़ है श्रौर जब तक कम्पेनसेशन की, मुश्राविजा देने की, क्षतिपूर्ति देने की जो व्यवस्था है उसको हम हटा नहीं देंगे तब तक हमारे देश में कभी समाजवाद की स्थापना नहीं हो सकती है। इसलिये मैं फिर उस बात

[श्री शीलभद्र याजी]

को दुहराता हूं कि ये जो सभी बड़े बड़े कल-कारखाने हैं उन सब का जब तक राष्ट्रीयकरण नहीं होगा बिना मुआ-विजा दिये हुये तब तक हमारी आर्थिक स्थिति कभी भी सुधर नहीं सकती है इसलिए आर्थिक हालत को सुधारने के लिये यह काम जल्दी से जल्दी होना चाहिये। लेकिन इसके साथ साथ मेरा एक सुझाव है। जो स्वतंत्र पार्टी के लोग हैं वह जो चिल्ल-पों मचाते हैं कि पब्लिक सेक्टर तरक्की नहीं कर रहा है तो इसमें हमारी सरकार भी कभी कभी गलती करती है क्योंकि ये जो आई० ए० एस०, आई० पी० एस० हैं, अफसर लोग हैं, जिनको बिजनेस और इंडस्ट्रीज चलाने की तमीज़ नहीं है, ज्ञान नहीं है, उनको वह वहां बैठाती है, तो मेरी यह राय है कि जब हम सभी चीजों का राष्ट्रीयकरण करते हैं तो उन्हीं टाटा को, बिड़ला को या बड़े बड़े सेठों को, सिंघानिया को, जैपुरिया जी को, जो कि यहां बैठे हुये हैं उनको बैठायें । यहां जैपुरिया जी बैठे हैं बाबूभाई चिनाई भी बैठे हुये हैं, ऐसे ऐसे लोगों को . . .

श्री सीताराम जैपुरिया : आप जैपुरिया की चिन्ता मत कीजिये।

श्री शीलभद्र याजी : जो बिजनेस चलाने वाले हैं, जिनको बिजनेस चलाने का ज्ञान है उनको ही यह इंडस्ट्री चलाने के लिए सरकार को नौकर बनाना चाहिये और नौकर बना कर के इनको ज्यादा से ज्यादा 5 हजार या 10 हजार रु० तनख्वाह देनी चाहिये जैसा कि लेनिन ने किया था, रेवोल्युशन होने के बाद उसने इसे आफिसरों को नहीं दिया, उन्हीं पूंजीपतियों को दिया, जिनसे उसको लिया था उनको बड़ी बड़ी तन-ख्वाहें दे कर के, सैलरी दे कर के रखा, चूंकि वह इंडस्ट्री का हाल जानते थे इसलिये उन इंडस्ट्रीज़ को उनसे चलवाया। इसलिए हमारी सरकार को भी चाहिये कि जब जब किसी चीज़ का वह राष्ट्रीय-करण करें तो यह न देखे कि दूसरे लोग क्या आपत्ति करते हैं बल्कि उनको ही वहां रखें। इन्हीं पूंजीपतियों को नौकर बनाकर और काफी पैसा देकर उन कामों में लगाया जाय ताकि उनको महसूस न हो क्योंकि हिन्दुस्तान में कहावत मशहूर है कि लड़का मर जाता है, उसका ग़म लोग बर्दाश्त कर लेते हैं लेकिन पैसा तथा धन चला जाता है तो उनकी नानी मर जाती है, बड़ा अफसोस होता है। इसलिये उनको काफी पैसा देकर, नौकर बनाकर, मैनेजर बनाकर, जनरल मैनेजर बनाकर, हम उनसे इंडस्ट्री चलवायेंगे और हमारी पब्लिक सेक्टर की इंडस्ट्रीज़ के बारे में जो यह बात होती है कि घाटे में जा रही हैं तो वह बात किसी को सुनने का सवाल भी नहीं आयेगा। असल में घाटा नहीं होता है लेकिन चिल्ल-पों यह मचाते हैं। स्वतंत्र पार्टी के कुछ लोग हैं जो पूंजीपतियों के ठेकेदार हैं, उनकी तरफ से कभी कभी आवाज़ उठती है कि यह सब घाटे में जा रहा है और इस क़दर आवाज चली कि हममें से भी कुछ लोग भ्रांति के शिकार हो गये हैं, कि पब्लिक सेक्टर फायदा नहीं कर रहा है। इस लिये आयंदा से यह कोशिश होनी चाहिये कि जिस भी इन्डस्ट्री का, उद्योग का, हम राष्ट्रीयकरण करें या समाजीकरण करें, हम उन्हीं लोगों के हाथ में दें और उन्हीं लोगों को लाएं जिनको इन्डस्ट्री चलाने का ज्ञान हो और अच्छी तरह से चला सकें।

इसके साथ साथ हमको स्टेट फाइ-नेन्स मिनिस्टर से एक निवेदन करना है कि एक बार सरकार ने यह तय किया, और बड़ी कोशिश के बाद, पच्चीस वर्ष

के बाद, तय हुआ कि जो हमारी आज़ाद हिन्द फौज के लोग है, उनके जो एरियर्स थे, उनका जो बकिऔटा बाकी था, जो बहुत दिनों से उनका जमा था— मैं समझता हूं 1 करोड़ 10 लाख रु० होंगे —बड़ी कोशिश के बाद यह तय हुआ डिफेन्स मिनिस्ट्री से और सरकार से कि यह जो आई० एन० ए० के लोग हैं, जो तीन तरह के लोग थे ब्लैक, व्हाइट और ब्राऊन, तो ब्रिटिश गवर्नमेन्ट ने ब्राउनों को दे दिया, व्हाइट्स को दे दिया लेकिन "ब्लैक्स" जिन लोगों ने हमारी आजादी की लड़ाई लड़ी हम लोगों के साथ, और हमने सही काम किया था, यह कहा उनको अंग्रेजों ने उस समय उनका बकिऔटा बंद कर दिया लेकिन जब हमारी नेशनल गवर्नमेन्ट हो गई और हमारे आज़ाद हिन्द फौज के 3 लाख सिपाही जिनमें से 26 हजार लोग शहीद हुए, उन शहीदों के नाम पर आप गद्दी में बैठें, आई० एन० ए० के लोगों की नौकरी आपने ले ली, उनको सेना में नहीं जाने दिया, वह कोई काम के नहीं रह गये, और उनका जो बकऔटा था वह नहीं दिया। अंग्रेजों को तो आपने सूद दर सूद देकर विदा कर दिया लेकिन जो हमारे आज़ाद हिन्द फौज के लोग आज गली गली में मारे फिरते हैं, सिर्फ 1 करोड़ 10 लाख रु० बकऔटा है, तो जब आपने तय किया—दिया जाय, तो कैसे दिया जाय? आप देंगे क्या ? पेपर बोन्ड। आप वन फोर्थ कैश देने जा रहे हैं और इसके बाद उनको आप कागज के पेपर बोन्ड देंगे, पेपर बोन्ड उनको पकड़ा देंगे।

श्री निरंजन वर्मा (मध्य प्रदेश) : आप किस तरह से देना चाहते हैं।

श्री शीलभद्र याजी : हम सरकार को अपील कर रहे हैं कि वह सब एकदबार कैश के रूप में दे दें। (*Time bell rings*) आपको समझ में नहीं आ रहा है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please wind up.

श्री शीलभद्र याजी : अभी तो आधा घंटा चाहिये।

श्री श्री० ए० अहमद (उत्तर प्रदेश) : मैं भी बोलना चाहता हूं।

श्री शीलभद्र याजी : मैडम, आपने एक दर्जन नाम पुकारे। वह लोग बोलने के लिये तैयार नहीं थे। मुझको सबका समय दे दीजिए। हमको ज़रा आज़ाद हिन्द फौज के लिये कहने दीजिए।

इसलिये जो आज़ाद हिन्द फौज के लोगों का बकऔटा है जो सूद दर सूद 26 वर्ष में दुगुना हो गया है, तो आप दुगुना न देकर जितना भी रुपया उनका बकऔटा है उसमें भी आप किश्त पर देना चाहते हैं। यह ठीक नहीं है। इसलिए उनको पेपर बोन्ड न देकर नकद जितना उनका बकऔटा है दे दिया जाय और जल्दी दिया जाय।

इसके साथ साथ, अभी तक हमारे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की भस्मि जापान में रखी हुई है, जो नेताजी दो बार कांग्रेस के प्रेसीडेन्ट रह चुके, अभी तक उनकी भस्मि टोकियो में रखी हुई है। सरकार के लिये उचित यह था कि नेताजी की भस्मि को राष्ट्रीय सम्मान देकर यहां लाया जाता। अब भी हमारी सरकार कहती है कि पंडित नेहरू जी ने इसके बारे में उनके परिवार के लोगों से बात कर ली लेकिन उनके परिवार के लोग नहीं चाहते थे। तो क्या नेताजी किसी एक परिवार के हैं?

[श्री शीलभद्र याजी]

वह सारे हिन्दुस्तान के परिवार के हैं, सारे राष्ट्र के हैं और यह बड़े कलंक की बात है, शर्म की बात है कि उनकी भस्मि तो वहां रखी रहे और हम उसको लाएं नहीं और जापान में रखी रहे और जापान के लोग यह समझते हैं कि शायद नेताजी को हिन्दुस्तान के लोग इज्जत नहीं देना चाहते हैं। इस लिये सरकार से हमारी दरख्वास्त है कि जल्द से जल्द जापान में जो नेताजी की भस्मि रखी हुई है, उसको लाकर और उसको सारे हिन्दुस्तान में घुमा कर उनको इज्जत दें। आजाद हिन्द फौज की वजह से, नेताजी की वजह से, आज़ादी को लाने में सहायता हुई है। इसलिये उनको सम्मान अवश्य मिलना चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं फिर, सरकार ने जितने टैक्स लगाये हैं, उनका समर्थन करते हुए सरकार से कहता हूं कि जितनी उसमें रियायत कर दी है वह कर दी है लेकिन हमें बाहर से भिक्षा नहीं मांगनी है, गरीब और अमीर सब के ऊपर टैक्स लगाकर हमें अपनी योजनाएं, प्लानिंग, चलानी हैं। जय हिन्द।

श्री जेड० ए० अहमद: उपसभापति महोदया, इस बजट में कुछ खास बातें ऐसी आई हैं जो मुझे खटकीं और सबसे मुख्य बात जिस तरफ मैं इशारा करना चाहता हूं वह यह है कि खेतिहर या किसान जनता के ऊपर और उनकी पैदावार के साधनों पर टैक्स लगाने की कोशिश की गई। मैं समझता हूं कि यह शुरुआत है, एक नये सिलसिले की शुरुआत है, और उसके पीछे एक समझ है। वह समझ यह है कि विकास के कारण, जितना विकास हमारे देश में हुआ है, किसान बहुत सुखी हुआ, किसान के पास बहुत सी खरीदने की शक्ति बढ़ी है और उस ख़रीदने की शक्ति को जिसको कि अंग्रेजी में "मौप अप" कहते हैं—लूट लिया जाय, उसको खींच लिया जाय, उठा लिया जाय—यह आज एक राष्ट्रीय आवश्यकता हो गई—मैं इस थियरी की समझ को ग़लत समझता हूं। मैं समझता हूं कि बजाय इसके कि आज अरबों रुपया विकास पर खर्च किया गया है लेकिन साधारण किसान की हालत कोई बहुत ज्यादा अच्छी नहीं है। मैं आंकड़े पेश कर सकता हूं और मैं समझता हूं उन आंकड़ों को देखना चाहिये कि औसत आमदनी शहर के लोगों की क्या है और किसान की क्या है। मैं उन इलाकों को या खित्तों को छोड़ देता हूं जो इस ज़माने में बहुत विकसित हो गये हैं, उदाहरण के तौर पर हमारे पश्चिमी यू० पी० के कुछ इलाके या आंध्र प्रदेश के कुछ इलाके या महाराष्ट्र के कुछ इलाके या पंजाब के कुछ खित्ते। उनको मैं छोड़े देता हूं चूंकि वहां जो विकास हुआ है वह एक आम रूल नहीं है। साधारण तौर पर हर जगह उस तरह का विकास नहीं हुआ है। हिन्दुस्तान के अधिकतर जगहों में खेती अभी तक छोटे छोटे किसानों के हाथ में है, यानी ऐसे किसान जो अपनी जीविका के लिये, अपने रहन-सहन के लिये पूरी तौर पर उस पर निर्भर नहीं कर सकते, उनको कुछ और काम करना पड़ता है, उनको खेती के अलावा कहीं मजदूरी करनी पड़ती है, उनको मुलाज़मत करनी पड़ती है, छोटा मोटा व्यापार करना पड़ता है, उनको दूध बेचना पड़ता है, इस प्रकार के धंधे उन्हें करने पड़ते हैं। अगर हम दुनिया के दूसरे मुल्कों के साथ मुक़ाबला करें तो हम देखते हैं कि हमारे देश में हमारे खेतिहर समाज, छोटे किसानों का समाज है और आंकड़े भी बताते हैं कि लगभग 80 फी सदी किसानों के पास 5 एकड़ से कम जमीन है। तो इसलिये यह कहना

कि खेती की बड़ी उन्नति हो गई, बहुत बड़े पैमाने पर किसान पैदा करने लगा है और उसको बड़ी क़ीमतें मिलने लगी हैं, इसलिये वह बहुत सुखी हो गया है और इतना सुखी हो गया है कि जो उसके पास धन आता है उसमें से उसका अतिरिक्त धन आप करों की शक्ल में खींच लें और विकास के रूप में इस्तेमाल करें, मैं समझता हूं यह थियरी ग़लत है।

मैं खास तौर पर इस बात पर तवज्जह दिलाना चाहता हूं, मेरी धारणा यह है कि एक नया सिलसिला शुरू हुआ आज इस बजट में, हल्के से कुछ टैक्स इन्ट्रोड्यूस कर दिये गये हैं, पम्पिंग सेट के ऊपर टैक्स लगा है, खाद के ऊपर टैक्स लगा है, वेल्थ टैक्स के नाम पर किसानों पर टैक्स लगाने की कोशिश की गई, और अगर इसको रोका न जाये, तो यह सिलसिला आगे बढ़ता चला जायेगा, बड़ी आसानी से आप इसको आगे खींचते ले जायेंगे। अखबारों में इस के बारे में काफी शोर व गुल मचा कि इस टैक्स में परिवर्तन किया जाय। लेकिन क्या आप समझते हैं कि इस तरह के टैक्स से किसान लोग सुखी होंगे? सरकार किसानों से रुपया खींचना चाहती है और मैं समझता हूं कि यह एक गलत चीज़ है। जो बड़े बड़े उद्योगपति हैं वे टैक्सों से बचना चाहते हैं और इसीलिए वे कहते हैं कि यह टैक्स जो लगाया जा रहा है वह ठीक है। लेकिन वे अपनी बचत के लिए कि हमें उद्योग-धन्धों में उन्नति करना है, हमें काफी रुपया मिलना चाहिये ताकि उद्योग-धन्धे बढ़ें, इसलिए वे इस तरह के टैक्स की हिमायत भी कर रहे हैं। लेकिन मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि उद्योग-धन्धे काफी बढ़ रहे हैं। लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि हमारी खेती की जो तरक्की होनी चाहिये, वह नहीं हो रही है।

आज हमारे मुल्क में ग्रीन रिवोल्यूशन की बात की जाती है, लेकिन मैं इसको बकवास समझता हूं। हिन्दुस्तान में कोई ग्रीन रिवोल्यूशन नहीं हो रहा है। आप गांवों पर चले जाइये। आपको वही पुराने फटे हाल किसान दिखलाई देंगे। आप उनके पास फटी हुई धोती देखेंगे, पांवों पर चप्पल नहीं मिलेगी, इधर उधर खाने के लिए फिरते रहते हैं और खेती के लिए वह साहूकार से कर्जा लेता है। इस तरह आज उसकी हालत है और वह जिन्दगी भर कर्ज में ही फंसा रहता है।

वह अपनी खेती के लिए एक बैल भी नहीं खरीद सकता है और आज हमारे मुल्क में 80 और 90 परसेंट किसानों की ऐसी ही हालत है। केवल 10 परसेंट ऐसे किसान हैं जिनके पास ट्रेक्टर खरीदने के लिए पैसा हैं और उसके जरिये वे खेती करते हैं। इस तरह के जो 10 परसेंट किसान हैं उन्हें कोआपरेटिव बैंकों से कर्जा भी मिल जाता है मगर जो छोटे किसान हैं उन्हें अपनी खेती करने के लिए कोई भी साधन नहीं मिलते हैं और न ही किसी प्रकार का कोई कर्जा ही मिलता है। इस तरह से जो 90 परसेंट हमारे मुल्क में किसान हैं, छोटे किसान हैं वे इस मुल्क की रीढ़ की हड्डी हैं। बजाय इन किसानों से साधन खींचे जाय उन्हें साधन देना चाहिये। हमारे बजट का और हमारे फाइनेंस मिनिस्टर का यह काम होना चाहिये कि दूसरी जगहों से साधन लेकर उनको देते ताकि वे अपनी खेती की उन्नति कर सकते।

आज आप ग्रीन रिवोल्यूशन की बातें करते हैं। हम भी चाहते हैं कि इस मुल्क में ग्रीन रिवोल्यूशन हो, लेकिन हम चाहते हैं कि जो बुनियादी चीजें

[श्री जेड० ए० अहमद]

खेती करने के लिए हैं जो बुनिग्रादी साधन हैं, वे हमारे किसानों को मिलने चाहिये। ग्राज हम देख रहे हैं कि हमारे मुल्क में खेती का जो तौर-तरीका है वह तेजी से नहीं बदल रहा है। किसानों के पास जो पुराने ग्रौजार थे वे ही ग्राज भी हैं ग्रौर यही कारण है कि हमारे मुल्क में ग्रन्न का संकट होता है ग्रौर यही कारण है कि ग्राज मंडियों के ग्रन्दर संकट पैदा हो जाता है। हमारे मुल्क में जो किसान हैं, जो देहात में रहता है उसकी तादाद करीब 70 या 75 परसेंट है। ग्राज उसके पास खरीदने की शक्ति नहीं रह गई है। वे ग्राज ग्रपनी खेती के लिए न बैल खरीद सकते हैं, न ग्रौजार, सीमेंट, ईंट ग्रौर बीज खरीद सकते हैं ग्रौर न कोई दूसरी चीज ही खरीद सकते हैं। इसकी वजह से वह खेती में तरक्की नहीं कर सकता है ग्रौर इसका ग्राखिरी नतीजा यह होता है कि हमारे जो उद्योग हैं वे एक संकट में फंस जाते हैं क्योंकि वे जो माल बनाते हैं वह बिक नहीं पाता है। ग्राप उद्योग-धन्धों को बढ़ाते ही चले जा रहे हैं ग्रौर ग्राम जनता की खरीदने की शक्ति को नहीं बढ़ायेंगे तो मुल्क में हर तरह का संकट ग्रायेगा। ग्रगर ग्राप उद्योग-धन्धों की ग्रोर ज्यादा तवज्जो देंगे तो इनका सरपलस प्रोडक्शन हो जायेगा जिससे वह बिक नहीं सकेगा।

ग्राप ग्रीन रिवोल्यूशन चाहते हैं लेकिन मैं यह ग्रर्ज करना चाहता हूं कि सरकार के जो तौर तरीके हैं वे ऐसे नहीं हैं जिसकी वजह से इस मुल्क में ग्रीन रिवोल्यूशन हो सके। ग्राज सब से बड़ा सवाल छोटे किसानों का है। क्या ग्राप ग्राज उनकी हालत को जानते हैं। मुझे इनके बारे में काफी बड़ी दिलचस्पी है। मैं जब ब्लाक्स में जाता हूं तो देखता हूं कि खेती के जितने भी साधन होते हैं वे जो बड़े बड़े किसान या फार्मर होते हैं वे ले लेते हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि जितनी भी कोग्रापरेटिव सोसाइटियां हैं वे छोटे किसानों को कितना कर्जा देती हैं। ग्राज यह कहा जाता है कि छोटे किसानों को कोग्रापरेटिव सोसाइटियों द्वारा कर्जा मिलना चाहिये। जो भूमिहीन किसान हैं, जो शेयर क्रापिंग करते हैं, किसी तरह से खेती करते है, उनको कोग्रापरेटिव सोसाइटीज किसान ही नहीं मानती है। जो छोटे किसान हैं उन्हें किसी तरह का ऋण नहीं मिलता है, उनको किसी तरह का कर्जा नहीं मिलता है। इसी तरह के हमारे मुल्क में ज्यादातर किसान हैं जिन्हें किसी तरह की सहूलियत नहीं मिलती है। ग्राज वे हर तरह से परेशान हैं ग्रौर फिर भी ग्राप उन के ऊपर टैक्स लगाते हैं जो कि एक भयंकर बात है। ग्रगर ग्राप खेती के ऊपर टैक्स लगाते हैं तो ग्राप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वे खेती में उन्नति कर सकेंगे। जो खेती करने के मुख्य साधन हैं, जिनके जरिये छोटा किसान ज्यादा उपज कर सकता है उनको ग्राप सस्ता करें। ग्राज किसानों को खाद महंगे दामों पर मिलती है तो वे किस तरह से ज्यादा खेती कर सकेंगे। ग्राज हमारे मुल्क में जो खाद की कीमत है वह दूसरे मुल्क के मुकाबले में बहुत ज्यादा है। हम तो इस बात की हमेशा शिकायत करते ग्राये हैं कि इस को सस्ता किया जाय। इसको इतना सस्ता किया जाय कि जो 1 एकड़ वाला, 2 एकड़ वाला ग्रौर 3 एकड़ वाला किसान है वह भी खुले तौर पर इसको ग्रासानी से खरीदकर इस्तेमाल कर सके। ग्राप इस तरह की बात नहीं करते हैं बल्कि उल्टे उन पर टैक्स लगाते हैं।

जो छोटे छोटे किसान हैं, जो 5 हार्स पावर के पम्पिग सेट इस्तेमाल करते हैं, उनके ऊपर भी आप टैक्स लगा रहे हैं। एक एग्रीकल्चर एक्सपर्ट जो इंग्लैंड के थे, उन्होंने मुझ से कहा था कि आप के पावों के नीचे तो महासागर है, खोदिये, छेद कीजिये, तो आपको पानी मिल जायेगा। लेकिन जब पम्पिग सेट किसानों ने लगाने शुरू किये तो उनके ऊपर सरकार ने टैक्स लगाना शुरू कर दिया। कहां सरकार को किसानों को खेती की उपज बढ़ाने के लिए हर तरह की मदद देनी चाहिये थी मगर हमारे यहां तो उल्टी गंगा बहती है। इसका नतीजा यह हुआ कि हालत बद से बदतर होती जा रही है। मेरा कहना है कि इस थ्योरी को नहीं मानना चाहिये और छोटे किसानों के ऊपर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिये जो वैल्थ टैक्स के नाम पर लगाया जा रहा है। आप प्रदेशों की सरकारों को यह अधिकार क्यों नहीं देते कि वे इस तरह का टैक्स लगायें। आप ए०जी० की राय लेकर क्यों बीच में कूद पड़े। यह तो स्टेट सब्जेक्ट था और आपको इसमें दखल नहीं देना चाहिये था। आज तो स्टेट आप से कर्जा लेकर जिन्दा है, लेकिन आज आप उन्हीं का रुपया खींचकर किसी को भी दे देना चहते हैं।

SHRI AKBAR ALI KHAN (Andhra Pradesh): That is to help the States.

श्री जेड० ए० अहमद : वह हेल्प नहीं है। जो पैसा जब में डाल देता है वह फिर आसानी से नहीं देता है। जब मैं पैसा जेब में डाल दूंगा तो दूसरे से कहूंगा कि भीख मांगो, मेरे सामने आओ और मांगो। मैं जितना देना चाहूंगा उतना ही उन्हें दूंगा, ज्यादा नहीं दूंगा। क्या यह मदद करने का तरीका है। मदद करने का तरीका यह है कि आप सीधे तौर पर और खुले तौर पर उनकी मदद करते और जो उनके लिए साधन है उनमें आसानी पहुंचाते। इसलिए मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि जहां तक वेल्थ टैक्स का सवाल है उसमें गवर्नमेंट को नहीं आना चाहिये था और न ही उसको इसमें ए० जी० को लाना चाहिये था। इसमें सवाल ए० जी० का नहीं है, सवाल कानून का नहीं है। इस में तो सवाल जिन्दगी का है। इसमें सवाल गांव वालों का है, प्रदेश वालों का है जिन्हें आप भूखा मारना चाहते हैं। हमारी दिल्ली सरकार का आफिसर कहता है कि दिल्ली आओ, फकीर बनकर आओ और हमें सलाम करो और तब हम तुम्हें कुछ भीख दे देंगे। इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां तक इस वेल्थ टैक्स का सवाल है इसको खत्म किया जाना चाहिये। आपकी जो नीति छोटे किसानों के मुतल्लिक है वह बदलनी चाहिये। आज कांग्रेस सरकार की जो नीति है वह किसान-विरोधी है। आज कांग्रेस सरकार की जो नीति है वह बड़े बड़े उद्योग-धन्धों को मदद करने की है। हमारे जयपुरिया साहब हंस रहे हैं वहां पर बैठकर। मैं समझता हूं कि आपको बहुत फायदा होता है। जयपुरिया जी की तरह जितने भी बड़े बड़े लोग हैं उन्हें इस कांग्रेस की सरकार के जरिये बहुत फायदा पहुंच रहा है और वे उससे बहुत संतुष्ट रहते हैं। मैं सोचता हूं कि जो गरीब किसान 5 एकड़ वाले हैं, अगर सरकार उनकी सहायता करती है तो इसका नतीजा यह होगा कि हमारी खेती की पैदावार 25 परसेंट बढ़ जायेंगी। जयपुरिया साहब फले-फूले, मुझे इसमें कोई एतराज नहीं है। लेकिन उनके फलने फूलने के साथ गरीबों की भी भलाई होनी चाहिये।

श्री निरंजन वर्मा : अब कितना फूलेंगे।

श्री ज़ेड० ए० अहमद : मैं इसके साथ ही साथ यह सुझाव देना चाहता हूं कि बजट के अन्दर एक नया नजरिया, एक नया दृष्टिकोण होना चाहिये, जो हमें नहीं मिल रहा है। विकास की 3 पंचवर्षीय योजनाएं खत्म हो गई हैं। चौथी योजना की रूपरेखा बन रही है और वह चलनी शुरू होगी और उसमें अरबों रुपया खर्च होगा। आज कसौटी यह देखनी है कि जितना रुपया योजनाओं पर खर्च होता है उससे हम क्या प्राप्त करते हैं, क्या हासिल करते हैं। मैं समझता हूं कि जितना रुपया योजनाओं के नाम पर बजट में मांगा जाता है उसकी आधी रकम खर्च होती है और वह भी जाया हो जाती है।

आप जिलों में चले जाइये और देखिये वहां पर क्या होता है। जहां पहले एक अफसर था वहां पर 10 अफसर हो गये हैं। जहां पहले एक डिपार्टमेंट था वहां पर 10 डिपार्टमेंट हो गये हैं। जहां एक सेक्रेटरी बैठा था, वहां पर ज्वाइन्ट सेक्रेटरी, डिप्टी सेक्रेटरी और असिस्टेंट सेक्रेटरी हो गये है और इस तरह से सेक्रेटरीज की कतार बन गई है। जहां नौकरशाही बढ़ गई है वहां कायदे कानून भी बढ़ गये हैं। मैंने यू० पी० में जो ब्लाक्स हैं वहां देखा है, जो रूरल ब्लाक्स हैं वे मध्य प्रदेश में तो खत्म कर दिये गये हैं, मगर दूसरी जगहों पर ब्लाक्स अभी कायम ही हैं और उनमें काफी रुपया खर्च होता है। यू० पी० असेम्बली ने एक समिति बनाई थी जिसका मैं चेयरमैन था। हम लोग गये और ब्लाक्स को एग्जामिन किया।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I think you can continue after lunch.

SHRI Z. A. AHMAD: Only two minutes I shall take. I have to go to another meeting. That is why I requested you to allow me to speak now.

THE DEPUTY CHAIRMAN: All right.

श्री ज़ेड० ए० अहमद : मैं मिसाल के तौर पर आपसे कहता हूं कि विकास के नाम पर क्या क्या तमाशा हुआ। वह रूरल डेवलपमेंट ब्लाक्स की जो कमेटी थी उसमें हम कई जगह पर गये। उसमें हमने एक बी० डी० ओ० से पूछा कि आप के यहां पैदावार कैसी बढ़ रही है तो वे कहने लगे कि पैदावार बहुत तेजी से बढ़ रही है। हमने उनसे कहा कि आंकड़े दिखाइये तो वे कहने लगे कि देखिये साहब तीन साल पहले हमारे क्षेत्र में इतनी पैदावार थी, फिर इतने मन हुई और यकायक कर्व जो होता है वह बढ़ता चला जा रहा है। हमने कहा कि बी० डी० ओ० साहब, आप बताइये कि आप अन्दाज़ा कैसे करते हैं। कहने लगे कि कोई बात नहीं है, यह कोई मुश्किल बात नहीं है। हमने कहा कि कैसे! तो कहने लगे कि सरकार ने एक स्केल हमें दे रखा है और वह स्केल यह है कि अगर एक कच्चा कुआं खोदा जाता है तो समझिये कि पैदावार सौ मन बढ़ गई, अगर पक्का कुआं खोदा जाता है तो समझिये दो सौ मन बढ़ गई और अगर ट्यूबवैल लगाया जाता है किसी जगह पर तो समझिये कि तीन हज़ार मन बढ़ गई, अगर खाद इतनी लग गई तो समझिये कि इतनी पैदावार बढ़ गई और अगर कहीं पर बिजली थी और अगले साल वह डेवढ़ी हो गई तो समझिये कि डेढ़ गुनी या दो गुनी पैदावार बढ़ गई। इस तरह वे कहने लगे कि यह बड़ा आसान काम है। हम को सरकार ने एक स्केल दे

रखा है, हम को कमिश्नर साहब ने, डाइरेक्टर साहब ने एक स्केल दे रखा है और उसी हिसाब से दफ्तर में बैठ कर हम आंकड़े दे देते हैं। जितने कच्चे कुएं खोदे जाते हैं, जितनी सड़कें बनती हैं, जितने ट्यूबवैल बनते हैं, जितनी खाद लगती है उसी हिसाब से काल-कुलेट कर के हम आंकड़े भेज देते हैं कि इतनी पैदावार हमारी बढ़ गई। कमाल की बात है। बिल्कुल अनरियलिस्टीक प्लान है। कहीं जा कर वे आंकड़े नहीं देते हैं कि कितना पैदा हो रहा है। आज जो खाद दी जाती है वह कभी कभी खेती को उलट देती है, उसको जला देती है क्योंकि आप खाद दे रहे हैं तो पानी नहीं दे रहे हैं और पानी दे रहे हैं तो खाद नहीं दे रहे हैं। यह कौन सा तरीका है कि सरकार नौकरशाही के हाथ में प्लानिंग को दे और जनता का सहयोग न ले। जो जनता के नुमाइन्दे हैं उनसे आज बात नहीं की जाती है। हम जाते हैं तो हमसे कहा जाता है कि आप गड़बड़ करने आते हैं, इस तरह से प्लानिंग नहीं होगी।

इस लिये मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमें अपने नज़रिये को बदलना है, दृष्टिकोण को बदलना है। हमारा बजट हिन्दुस्तान में 80, 85 फीसदी जो देहातों में रहने वाले छोटे किसान हैं, मध्यम दर्जे के किसान हैं, मज़दूर हैं, साधारण कारोबार करने वाले लोग हैं, उनके हित में होना चाहिये। हमें उनको सामने रखना चाहिये, न कि जयपुरिया साहब को सामने रखना चाहिये या बड़े बड़े पूंजीपतियों को सामने रखना चाहिये। उनको भी कुछ दिया जाय, लेकिन वे इस देश के मालिक नहीं हैं, इस देश की रीढ़ की हड्डी नहीं हैं। हमारे देश का भविष्य उन करोड़ों इंसानों की जिन्दगी के साथ जुड़ा हुआ है जो कि देहातों में रहते हैं। इस लिये बुनियादी तौर पर हमें अपने नज़रिये को बदलना चाहिये और नये प्रकार का बजट बनाना चाहिये। यही मेरी आलोचना है।

THE DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned till 2 P.M.

The House then adjourned for lunch at four minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at two of the clock—THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI JAISUKHLAL HATHI): Madam, I have discussed with the various Leaders of the Opposition Groups. I would suggest that instead of four days, we may finish this Bill in three days, namely, on the 6th 7th and 8th May 1969. They are all agreeable.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Is it the pleasure of the House that we should finish this Bill in three days?

HON. MEMBERS: Yes.

श्री निरंजन वर्मा: माननीया, सदन के सामन यह विनियोग विधयक क्रमांक 3 आया है और इसमें यह व्यवस्था दी गई है कि भारतवर्ष की संचित पूंजी में से एक अरब और 60 करोड़ रुपए से अधिक धन निकाला जाय और उनको भारतवर्ष की उन सेवाओं पर खर्च किया जाय जो अनुसूची में अंकित हैं। उदाहरण के लिए, जैसा कि हमारे पूर्ववर्ती मित्रों ने कहा है, सम्भवतः इस विनियोग विधेयक में जिन जिन कार्यों के लिए और जिन मंत्रालयों के लिए जितने धन की आवश्यकता है उनकी यहां पर एक सूची दी गई है।

इस वर्ष 1968 की अपेक्षा जो विशेषता रही है वह यह है कि जब

[श्री निरंजन वर्मा]:-
से बजट ग्राया है तब से भारतवर्ष में सारे किसानों के लिए ग्रौर उन दूसरे मित्रों के लिए जो किसानी करते रहे हैं उनके सामने एक प्रश्न रहा है ग्रौर वह प्रश्न यह रहा है कि उनकी सरकार ग्रौर उसके कुछ बोलने वाले जब तक यह बात कहते फिर रहे हैं कि देश में एक ग्रीन रिवोल्यूशन ग्राना चाहिए या ग्रीन रिवोल्यूशन ग्रा रहा है। इससे पूर्व भी कांग्रेस पक्ष की ग्रोर से समय समय पर इसी प्रकार के नारे दिए गए। कभी यह कहा गया कि 'ग्राराम हराम है', कभी यह कहा गया कि 'जय किसान, जय जवान' ग्रौर ग्रब तीसरा नारा 'ग्रीन रिवोल्यूशन' का ग्राया है। हम समझते हैं कि इस नारे में कोई दम नहीं है। इस नारे में इसलिए कोई दम नहीं है क्योंकि यह नारा देखने में बहुत ग्राकर्षक, बहुत सुन्दर है लेकिन इसके पीछे तथ्य बिलकुल नहीं है।

किसानों के ऊपर टैक्स लगाने की मंत्रिमंडल के द्वारा ग्रौर कांग्रेस के उन मित्रों के द्वारा जो बात कही गई है वे मित्र कभी खेती करते नहीं हैं ग्रौर न खेती के बारे में जानकारी ही रखते है। मंत्री के स्तर का कांग्रेस हाई कमान्ड का कोई व्यक्ति ग्रपने बंगले की क्यारियों में थोड़ी बहुत मिर्च बो दे तो उससे यह नहीं माना जायगा कि वह खेती करने में बहुत कुशल व्यक्ति है ग्रौर ग्रभी यही बात है। ग्रादरणीया, भारतवर्ष में खेती का जो सबसे बड़ा प्रश्न चल रहा है वह दो बातों के ऊपर ग्राधारित है ग्रौर यह कृषि की समस्या न होकर खाद्य की समस्या भी है। प्रति वर्ष हम खाद्य के रूप में बाहर से करोड़ों रुपयों का ग्रनाज मंगाते हैं ग्रौर ग्रनाज का उत्पादन करने के लिए हम प्रति वर्ष करोड़ों रुपयों का खाद मंगाते हैं, फटिलाइजर मंगाते हैं। कांग्रेस सरकार की तरफ से गत 20 वर्षों में हमारे सामने बार-बार कहा गया है, यह बात दोहराई गई है कि ग्रब भारतवर्ष में हम बहुत जल्दी खाद्य के मामले में ग्रात्म-निर्भर हो जाएंगे, हमको खाद्य की चिन्ता नहीं करनी चाहिए, लेकिन "जस-जस सुरसा बदन बढ़ावा, तास दुगुन कपि रूप दिखावा"। रामायण में यह चौपाई है। कांग्रेसी मित्रों ने जितने जोर-शोर से यह कहा कि हम खाद्य की समस्या सुलझा रहे हैं उतना ही खाद्य की समस्या उलझती गई।

श्री शीलभद्र याजी : सुरसा की तरह पापुलेशन बढ़ रही है।

श्री निरंजन वर्मा : पापुलेशन की जो बात कही जाती है उसके मामले में हम यह निवेदन करते हैं कि एक बार परिवार नियोजन के बारे में ग्रौर पापुलेशन के बारे में जब सारे संसार में चर्चा चल रही थी तो हमारे योग्य मित्र श्री शील-भद्र याजी को याद रखना चाहिए कि उस समय रूस के पत्र प्रावदा ने ग्रालोचना करते हुए क्या लिखा था। उसने लिखा था कि हमारे सामने यह समस्या नहीं है कि संसार में कितने ग्रादमी बढ़ते चले जा रहे हैं ग्रौर न इस समस्या की तरफ हमने ध्यान दिया, हमारे सामने समस्या यह है कि जितनी ग्राबादी है उस ग्राबादी के ग्रनुरूप हम संसार में बाहर जाकर उनके उपयोग सोचें, उनका विकास किस तरह से हो सकता है उसके लिए नए नए तरीके खोजें ग्रौर नए नए तरीकों से जो हमारी समस्याएं हैं उनको हल करें। जो लोग नए तरीके नहीं खोज सकते, जो लोग नए उद्योग-धन्धे नहीं लगा सकते, वे केवल ग्रपनी जनसंख्या के ऊपर बैठे रहते हैं ग्रौर उसी की बात को बार-बार दोहराते रहते हैं। रूस देश के प्रावदा समाचार-पत्र की यह ग्रालोचना हमारे मित्रों को ध्यान में रखनी चाहिए।

इस विनियोग विधेयक में 2 अरब 70 करोड़ 61 लाख 79 हजार हमने परचेज आफ फूड ग्रेन्स एंड फर्टिलाइजर्स के लिए रखा है। यह बहुत दुख की बात है। जो हमारे ऊपर शासन कर रहे हैं उनके लिए लज्जा की बात है कि इतना रुपया बाहर भेजने के बाद भी प्रतिवर्ष हम फूड ग्रेन्स मंगाते रहते हैं और खाद को भी हम आयात करते रहते हैं। इस वर्ष जब यह सम्भावना थी कि हमारे देश में खाद की बहुत सी उत्पादन समितियां बन गई हैं और उनके द्वारा स्थान-स्थान पर सिन्द्री आदि स्थानों पर खाद का उत्पादन हो रहा है तो हमें कल्पना यह करनी चाहिए थी कि हमारे देश में खाद इतनी सुलभ, इतनी सस्ती और हर किसान के घर में जाने वाली हो जायगी कि इससे हम खाद्य की समस्या सुलझा सकेंगे लेकिन खाद्य की समस्या सुलझने की बात तो अलग रही, खाद के मामले में हम और टैक्स लगाते चले जा रहे हैं।

अभी हमारे कृषि मंत्रालय की तरफ से सारे भारतवर्ष के राज्यों के किसानों को ग्रीन रिवोल्यूशन के अंतर्गत एक लुभावना, दूर से अच्छा दिखने वाला पैम्फलेट फेंका गया और उसमें यह बताया गया—शंकर मिश्रित जो बीज है गेहूं का सोनारा या मेक्सिको उसको कोई किसान बो दे तो वह किसान सौ गुने तक प्राप्त कर सकता है। हमारे यहां मध्य प्रदेश में इसके विषय में अनुसंधान हुआ और हम यह निवेदन करते हैं कि यह जो बात है यह बिल्कुल असफल हुई। मध्य-प्रदेश के बहुत से किसान एक-एक, दो-दो बीघे के किसान नहीं हैं। एक-एक, दो-दो बिघे के जो किसान हैं अगर उन्हें सोनारा या मेक्सिको तरह के बीज दे दिए जायं तो सम्भव है कि वे एक किलो से लेकर 50 किलो तक, 100 किलो तक पैदा कर सकते हैं लेकिन जिनके पास 50-50, 100-100, 200 200 बीघे जमीनें हैं या बड़े-बड़े फार्म हैं, वहां पर यह नितान्त असम्भव है, कभी सम्भव होने वाली बात नहीं है कि 50 गुना या 60 गुना पैदावार हो सके। उसके कारण स्पष्ट हैं। एक तो यह कि सरकार ने इस बीज को देने के पूर्व इस बात का अनुसंधान नहीं किया और न इस बात का यत्न किया कि किसानों के पास इस बीज को देने के बाद पानी की समस्या का हल कर लिया गया है या नहीं। दूसरी बात यह है कि किसानों को बीज देने के बाद जो उर्वरक, खाद देना चाहिये वह खाद उन को सस्ती मिलनी चाहिये थी, किन्तु वह और महंगी हो गयी है जिस के कारण किसान जितना लाभ उनको बतलाना चाहिये था वह उतना लाभ बतला नहीं सकेंगे और सन् 1969-70 का वर्ष कृषि के लिये उसी प्रकार से खराब रहेगा, बल्कि और भी ज्यादा खराब रहेगा और देश खाने के मामले में आत्मनिर्भर नहीं हो सकेगा और संभवतः हमें बाहर से अन्न की भिक्षा फिर लेनी पड़ेगी। अन्न की भिक्षा के लिये बाहर के देश हिन्दुस्तान के लिये कोई अच्छी ओपीनियन नहीं रखते हैं। बाहर के बहुत से देशों में हिन्दुस्तान के लिये समाचार-पत्रों में जो टिप्पणियां आती हैं उन को पढ़ने से विदित होता है कि भारतवर्ष के लोगों को वह आलसी समझते हैं या उद्योग से रहित समझते हैं जिस के कारण कि वह इतने दिनों के बाद भी अपनी समस्याओं को हल नहीं कर पाये हैं।

इसी प्रकार आदरणीया, इस में कुछ और बातों की ओर उल्लेख करने की आवश्यकता है। हमारे देश में इस समय दो, तीन बातों की ओर ध्यान

[श्री निरंजन वर्मा]:

देना अत्यन्त आवश्यक है। इस देश में रहने वाले जितने नागरिक हैं, जितना इस देश में रहने वाली जनता का आबादी का बड़ा हिस्सा है, उसको, निश्चित रूप से सब को, मकान, जिसे आवास कहते हैं, भोजन और वस्त्रों की आवश्यकता है। लेकिन अगर किसी बागीचे को बहुत सुन्दर सुन्दर पुष्पों से सजाया जाय और उस में अच्छे रंग-बिरंगे फूल रख दिये जायं तो उसके बाद भी एक समस्या यह रहती है कि उस पूरे बागीचे की रक्षा किस प्रकार से की जाय। हम यह तो नहीं कह सकते कि कांग्रेस के महाप्रभुओं ने इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया, लेकिन हम यह अवश्य कहते हैं कि जितना ध्यान दिया जाना चाहिये था उतना ध्यान नहीं दिया गया। आज से चार, पांच दिन पूर्व हमारी आदरणीया प्रधान मंत्री ने हमारे एक मित्र के प्रश्न के ऊपर, जब वह प्रश्न इस प्रकार से पूछा गया कि चीन से हमारी दुश्मनी है और चीन अगर कभी हवाई हमले के साथ अणु हमला करने को तैयार हो तो हमारी जनता को बचाने के लिये क्या सरकार के पास कोई साधन है, प्रधान मंत्री ने इसको टाल दिया और उन्होंने उसका यह उत्तर दिया कि इस से संसार में बड़े युद्ध की आशा की जा सकती है। संसार में बड़ा युद्ध हो या न हो, थोड़ी देर से भी अगर हो, यह मान लीजिये, लेकिन संसार के बड़े बड़े राष्ट्र जब तक हमारी सहायता को आयेंगे तब तक तो भारतवर्ष विनाश के कगार पर पहुंच चुका होगा और उस समय अगर बाहर के देश आये अणु युद्ध प्रारम्भ करने के लिये तो उस समय तक हमारी समस्या कहां चली जायगी इस बारे में देश के कर्णधारों ने कोई विचार नहीं किया। इस विनियोग विधेयक में डिफेंस के लिये भी रुपये की मांग की गयी है और इस के अतिरिक्त उन्होंने 90 वें आइटम में एटामिक इनर्जी के लिये भी रुपये की मांग की है और इस के बाद उन्होंने 133वें मद में कैपिटल आउट ले के बारे में एटामिक इनर्जी के बारे में मांग की है। हम समझते हैं कि सारा देश आज इस मामले में एक मत है कि हमें किसी दूसरे की रक्षा पर विश्वास न करते हुए, किसी के विश्वास पर, किसी के यत्नों पर पूरी तरह से विश्वास न करते हुए केवल अपने ऊपर, अपने आत्म-विश्वास पर खड़े रहना चाहिये और उस के लिये सारा भारतवर्ष आज यह चाहता है कि भगवान न करे, लेकिन यदि कभी ऐसी स्थिति आये, जैसे आज दूसरे देश बराबर घुड़दौड़ करते चले जा रहे हैं अस्त्र शस्त्रों की प्रतियोगिता में और जो सब से बड़ा हमारा मित्र रूस था वह भी पाकिस्तान को बराबर अस्त्र शस्त्र दे रहा है, तो उसके लिये हमें अणु बम बनाना चाहिये। इस के सिवाय हमारे पास और कोई चारा नहीं रहता।

इसके अतिरिक्त इसमें और जो मांगें हैं उन के बारे में भी शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं। एक तो हमारी सफलता हमारे इस चरित्र के ऊपर निर्भर करती है कि हम संसार के साथ किस प्रकार का व्यवहार रखते हैं। कोई माननीय सदस्य पार्लियामेंट में घुसते समय केवल यह वाक्य पढ़ लेने के बाद, जो कि पार्लियामेंट के एक आर्च पर लिखा हुआ है—वसुधैव कुटुम्बकम्, यह नारा लगाये कि हम सारे संसार को एक कुटुम्ब के समान मानते हैं तो वह एक मृग-तृष्णा में रहेगा। वह भारी गलती करेगा। संसार में जो बड़े बड़े राष्ट्र हैं वह अपनी लाभ और हानि के आधार पर दूसरे राष्ट्रों से मित्रता करते हैं। अगर भारतवर्ष

से उन्हें कोई लाभ की अपेक्षा होगी तो इस से मित्रता करेंगे और अगर इस से उन को हानि की आशंका होगी अथवा हमारा राष्ट्र निर्बल रहा तो हमारे साथ वह मित्रता नहीं करेंगे और हमारी मित्रता से कतरा कर वह दूसरे देशों के गले में अपनी बांहें डालने का यत्न करेंगे। इस के लिये दूसरे राष्ट्रों को अपना मित्र बनाने का काम, आदरणीया, हमारे राजदूतों पर निर्भर करता है। हमें बहुत से राजदूतों के बारे में पता है। हमारा विदेश विभाग सोता रहता है और इस विदेश विभाग में हमारे राज-दूतों के लिये कुछ नियम हैं। वह नियम अंग्रेजों की देन हैं। हमने स्वयं ही अपने नियमों का कोई विकास नहीं किया। भारतवर्ष के बाहर जब हमारे राजदूत जाते हैं तो उनको चार, पांच बातें स्मरण रखना चाहिये। एक तो यह कि जिस देश की ओर से वह राजदूत हो कर जा रहे हैं उस देश की संस्कृति क्या है और उस संस्कृति के विरोध में उन्हें कभी कुछ कहने का मौका नहीं दिया जाना चाहिये। दूसरी बात यह है कि जिस देश के वह राजदूत हो कर जा रहे हैं उस देश की वेश-भूषा क्या है, उस की आमदनी क्या है, उस देश में उन का जो विकास का एक मार्ग है वह कितना अवरुद्ध है, इस के बारे में भी उन को सोचना चाहिये और तीसरी बात यह है कि जिस देश में जो राजदूत जायं वे वहां की भाषा पर अपना अधिकार रखें। यह नहीं होना चाहिये कि यहां से जो राजदूत जाते हैं वे केवल अंग्रेजी भाषा बोलने में ही माहिर हों। स्पेन में गये तो स्पेन की भाषा नहीं बोल सकते और उन्हें इस बात का सबक लेना चाहिये कि अभी पिछले दिनों स्पेन के राजदूत भारत में आये और उस ने यहां आ कर अपना परिचय पत्र दिया— हिन्दी भाषा में दिया। क्या इस से हम यह शिक्षा नहीं ले सकते कि अमरीका में, आस्ट्रेलिया में, कनाडा में और इंग्लैंड में, जहां पर अंग्रेजी चलती है वहां तो अंग्रेजी पढ़े लिखे लोग जायं, लेकिन जर्मनी में, फ्रांस में या रूस में या और दूसरे देशों में जो हमारे राजदूत जायं तो उन को वहां की भाषा में निष्णात होना चाहिये और हमारी भाषा में उन को निष्णात होना चाहिये। इस के साथ साथ वे जब कभी हमारी सरकार से पत्र-व्यवहार आदि करें या वार्तालाप आदि करें तो वह उन को अपने देश की भाषा में करना चाहिये, किसी दूसरे देश की भाषा में उन को बात नहीं करनी चाहिये।

आदरणीया, अभी कुछ समय पहले सांची में एक बहुत बड़ा सम्मेलन हुआ था और वहां पर संसार के लगभग 8, 10 राष्ट्रपति और राजदूत और बहुत से प्रतिनिधि आये थे। वहां एक विशेषता-थी कि जिस देश का जो आदमी आता था चाहे वह बर्मा का हो या कंबोडिया का, वह चाहे वियतनाम का हो अथवा चीन का, या वह पश्चिम के देशों का हो, वे सब अपने देश की वेश-भूषा में थे और सब अपने देश की वाणी में बात करते थे। जब कभी किसी दूसरे से बात करने की आवश्यकता हुई तो एक इंटरप्रेटर रहता था। लेकिन हमारे यहां हम ने सब कुछ छोड़ दिया है और इस की वजह से ही हमारी संस्कृति का ह्रास हो रहा है, बराबर होता चला जा रहा है। इसी प्रकार हमारे यहां के राजदूतों को अधिक ऐश्वर्य के साधन भी नहीं दिये जाने चाहिये।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Your party has forty minutes in all. You have taken twenty minutes so far. There are two other speakers from your own party. You may take

[The Deputy Chairman]
all the time and it depends on you how the total time is to be shared by your party members.

श्री निरंजन वर्मा : आदरणीया, इसी तरह से एक बात की ओर मैं और सरकार का ध्यान आकर्षित करूंगा। हमारे देश में इतिहास समाप्त हो गया है। हमारे पास इतिहास नहीं रहा। जो कुछ भी हमारे पास इतिहास है वह बाहर के देशों ने जो कुछ लिखा है उस के आधार पर ही अपने देश के इतिहास का हम ने निर्माण किया है। अपने देश के वास्तविक इतिहास का पता अगर हमें चल सकता है तो वह आर्क्येलाजी की सहायता से ही चल सकता है और इस की ओर हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। पूरे भारतवर्ष में सब से प्राचीन अगर कोई स्मारक है, कोई आर्केलाजिकल स्थान है तो वह सांची है लेकिन भारतवर्ष की सरकार ने सांची का, जहां कि आज से 25 सौ वर्ष पुरानी इतिहास की वस्तुएं हैं और स्तूप हैं, पूर्ण रूप से निरादर किया है। न तो वहां पर विमान उतरने की व्यवस्था है, न वहां पर विमान के जाने की व्यवस्था है और न वहां पर लोगों को पीने के पानी का भी साधन है। वहां पर कोई बगीचा नहीं है, वहां पर पानी नहीं है, वहां पर कोई अच्छा भोजनालय नहीं है और इस तरह से सारे संसार के आदमी उस स्थान को देखने के लिये आते हैं लेकिन वहां से निराश जाते हैं। हमारी सरकार ने आगरा और दिल्ली इन दोनों स्थानों को छोड़ कर के जो आर्केलाजी के लिये धन दिया जाता है उसको किसी दूसरी जगह बहुत कम लगाया है। तो इस तरह की प्रवृत्ति को सरकार को रोकना चाहिये। केवल आगरा और दिल्ली में ही आर्केलाजी के स्थान नहीं हैं, बैलोर में भी हैं, मद्रास में भी हैं, गुजरात में भी हैं, बंगाल में भी हैं, महाराष्ट्र में भी हैं और मध्यप्रदेश में भी हैं और बहुत से दूसरे स्थानों पर हैं।

श्री शीलभद्र याजी : बिहार में सब सेज्यादा हैं। बिहार को भूल गये।

श्री निरंजन वर्मा : जी हां, बिहार में हैं, मैं मानता हूं। तो इस धन का उपयोग सब जगह होना चाहिये, मैं सरकार से यही निवेदन करना चाहता हूं।

SHRI B. T. KEMPARAJ (Mysore): Madam Deputy Chairman, I support this Appropriation Bill placed by Government before this House for spending an amount of Rs. 1,60,72, 88,90,000. The proposals for expenditure placed before this House show that large amounts have been proposed to be spent on several developmental works. There is no doubt, Madam, that the Government has been spending large amounts of money for various schemes in all fields and in all walks of life of the individual in the society but the primary consideration is that the benefit of all these schemes is not felt by the individual in the society. When such large amounts are spent this is the point which has to be taken into consideration. Though crores and crores of rupees have been spent under the Five Year Plans successively in industrial, social and educational fields, the individual to whom the benefit ought to have reached and whose condition should have been improved has not felt it and that is the reason why there is hue and cry from all quarters that the Government is not giving any substantial benefit to the individual in the society. This is a very important thing which we have to bear in mind.

In the industrial field though crores and crores of rupees have been invested, when you compare with the private sector you find that in the private sector there are huge profits made while in the public sector there are huge losses. Why is it

so? The answer is very simple. The private individual takes pergonal efforts to see that his production increases and that it brings him profit but in the public sector the capital investment is much higher than what it is in the private sector. In the public sector more than one-third of the investment is diverted towards putting up buildings and installation of machinery. If you take the case of Japan, I am told there such huge amounts are never spent on construction of big buildings or on installation of machinery. That is why, Madam, after the second world war Japan has been able to regain its position in the industrial field and also in the field of commerce in the world. When we are spending so much money for economic development, for industrial development, should we not think for a while why there is such huge loss? Several Committees have been constituted to go into this matter and they have found the reasons thereof but how far have we taken up their suggestions and tried to rectify the defects that have been pointed out? The expenditure that we incur is always much more and it goes on increasing with the result that all these are added to the cost of the product when it comes out of the factory and we find ourselves unable to compete in the international markets.

